# बाबा बालक नाथ मंदिर में सुनिश्चित करें सफाई व्यवस्था

## डीसी ने मंदिर क्षेत्र को सुंदर बनाने के लिए अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

**उपायुक्त** हरिकेश मीणा ने उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ दियोटसिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर में विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने बाबा जी के दर्शन कर आशीर्वाद भी लिया। उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाबा जी के मुख्य मंदिर, गुफा, लंगर भवन, सराय तथा अन्य सभी स्थानों पर साफ-सफाई को सुचारू रूप से सुनिश्चित बनाएं, ताकि मंदिर में बाबा जी दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने एसडीएम को कहा कि मंदिर व इसके समस्त क्षेत्र को और भी सुंदर तथा आकर्षक बनाने के लिए एक कार्य योजना तैयार की जाए। मंदिर में स्थापित पुरानी ग्रिलों के स्थान पर आधुनिक किस्म की आकर्षक ग्रिलें लगाने को कहा गया। इसके अतिरिक्त मंदिर में हर दिन की गतिविधियों की सीसीटीवी फुटेज की सीडी भी बनाकर रखी जाए। उपायुक्त ने कहा कि मंदिर क्षेत्र में हर स्थान पर ड्यूटी देने वाले सभी कर्मचारियों का अनुभाग के अनुसार ड्यूटी रोस्टर बनाया जाए तथा सुपरवाइजर यह सुनिश्चित बनाएं कि प्रत्येक कर्मचारी ड्यूटी रोस्टर के अनुसार अपनी ड्यूटी का कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करे। मंदिर क्षेत्र के प्रत्येक स्थान तथा अनुभाग में साइन बोर्ड स्थापित किए जाएं, महत्वपूर्ण स्थानों पर मंदिर कार्यालय तथा अन्य महत्वपूर्ण अधिकारियों के संपर्क नंबर लिखे जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सूचना का संप्रेषण करने में किसी प्रकार कठिनाई पेश न आए। विश्रामगृह के पास खाली पड़ी जगह पर हाईमास्ट लाइट लगाने तथा पार्किंग का निर्माण करने को योजना बनाने के लिए एसडीएम को कहा गया। उन्होंने गत वर्ष की मंदिर की आय तथा इस वर्ष की अप्रैल से जुलाई माह तक की आय से संबंधित अभिलेख तथा कर्मचारियों का अटैंडेंस रजिस्टर तथा अन्य दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि मंदिर में कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए एक महीने के अंदर बॉयोमीट्रिक प्रणाली शुरू की जाए तथा मंदिर में हर स्थान पर कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को समस्या का सामना न करना पड़े।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम बड़सर प्रदीप कुमार ठाकुर, मंदिर कार्यालय के अधीक्षक शमशेर चंद शर्मा के अतिरिक्त मंदिर के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### श्रद्धालुओं के खाने की गुणवत्ता का रखें ध्यान

सराय तथा लंगर भवन का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंदिर में श्रद्धालुओं को परोसे जाने वाले खाने की गुणवत्ता तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। लंगर के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं को परोसे जाने वाले खाने की लंगर सहायक नियमित रूप से जांच सुनिश्चित बनाए। विश्राम गृह के साथ मंदिर में पानी की बड़ी टंकियां स्थापित करने को कहा गया।

### सड़कों का लिया जायजा

उपायुक्त ने मंदिर क्षेत्र की सड़कों का भी निरीक्षण किया। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो,इसके लिए उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि वे मंदिर क्षेत्र में सड़कों की तुरंत मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त मंदिर में कुछ स्थानों पर बाइरिंग को अंडरग्राउंड करने को कहा गया। कुछ स्थानों की पानी लीकेज को तुरंत ठीक करवाने के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने मंदिर में सत्संग तथा बकरा हॉल भी निरीक्षण किया।

# कोल्हू सिद्ध में पानी के तेज बहाव से सड़क को खतरा

◆लोगों ने लोनिवि से समस्या को हल करने की मांग की

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर



**हमीरपुर** से अवाहदेवी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोल्हूसिद्ध में सड़क के धंसने का खतरा पैदा हो गया है। जिससे मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद हो सकती है। गौरतलब है कि की यहां पर काफी समय से लोग रात को मलबे की अवैध डंपिंग करते रहे हैं। इससे हजारों ट्रक मलबा यहां पर फेंक दिया गया। अब तेज बरसात होते ही मलबा बह गया है तथा लोगों की साथ लगती मलकियत भूमि खराब हो गई है। मलबे के बहने से सड़क की हालत भी बेहद खस्ता हो गई है तथा बरसात इसी तरह आगामी दिनों में भी जारी रही तो सड़क धंस सकती है।

स्थानीय बीडीसी सदस्य प्रेम लता, पंचायत प्रधान बबीता चौहान, वार्ड सदस्य उद्यो राम, सुरेंद्र सिंह, ध्यान सिंह ठाकुर, बलवंत चौहान, सुनील ठाकुर सहित अन्य ने विभाग से समस्या का समाधान करने की मांग की है। पानी की निकासी उचित ढंग से की जाए, जिससे सड़क को धंसने से बचाया जा सके। इससे पहले मलबे को यहां पर न फेंकने का आग्रह भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद यहां मलबा फेंका गया। जिसका खामियाजा अब जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### भाजपा की सदस्यता की ग्रहण

**हमीरपुर।** वीरवार को समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के निवास स्थान पर टिब्बी पंचायत के प्रधान बालम चंद की अध्यक्षता में पूर्व वार्ड पंच मनप्रीत सिंह पंचायत मझोग सुल्तानी के गांव गूहल, पुरुषोत्तम चंद गांव नरेली, सुनील कुमार गांव री के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पार्टी में शामिल हुए सदस्यों ने प्रण लिया कि वे मेहनत कर भाजपा पार्टी को सुजानपुर विस क्षेत्र में और अधिक मजबूत करेंगे।

### ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने पर दिए निर्देश

**नादौन।** ब्यास नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण एसडीएम नादौन डीआर धीमान ने उपमंडल भर की पंचायतों को निर्देश दिए हैं कि उनके क्षेत्रों में बहने वाली नदी, नालों व खड्डों की ओर लोगों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखें तथा लोगों को भी पानी की ओर ना जाने के प्रति जागरूक करें। उन्होंने अन्य विभागों सहित पंचायत प्रधानों को इस बारे निर्देश देते कहा कि वह अपनी पंचायतों में सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्रों में बहने वाली नदी नालों आदि की ओर होने वाली आवाजाही को रोकने के लिए उचित कदम उठाएं। यदि इस संबंध में उन्हें कोई कठिनाई आती है, तो किसी भी प्रकार की सहायता के लिए एसडीएम कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। डीआर धीमान ने बताया कि प्रशासन ने किसी भी आपदा से निपटने के लिए एक कंट्रोल रूम का भी गठन किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरे प्रबंध किए हैं। उन्होंने ब्यास नदी के किनारे रहने वाले लोगों को भी चेतावनी दी है कि वे नदी किनारे न जाएं।

### बधानी में आज बनेंगे डिजिटल प्रमाण पत्र

**हमीरपुर।** हिमाचल पेंशनर संघ के जिला प्रधान केसी गौतम ने बताया चलने-फिरने में असमर्थ पेंशनरों को उनके घर जाकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। कार्यक्रम की पहली कड़ी में 2 अगस्त को बधानी, जौहर, चंबोह, अवाहदेवी आदि स्थानों में, 3 अगस्त को बकरी, पनाह, कौंहीं, गसोता आदि स्थानों में, 4 अगस्त को रंगस से बलडूहक, चौड़ू, धनपुर आदि स्थानों में, 6 अगस्त को भरेड़व, गरसाड, भुकड़, धमरोल आदि स्थानों में निशुल्क जीवन प्रमाण पत्र बनाए जाने का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। अन्य स्थानों में अभी तिथियां निर्धारित नहीं की गई हैं। उन्होंने पेंशनरों से अपील है कि जिन पेंशनरों द्वारा अभी अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं करवाए हैं, वे उक्त कार्यक्रम के अनुसार इस सुविधा का लाभ उठाएं।

### संस्था ने गरीब के इलाज को दिए 5100

**अवाहदेवी।** ग्राम पंचायत चोलथरा की वरिष्ठ नागरिक संस्था हमेशा ही समाज के गरीब असहाय बेसहारा व निर्धन लोगों की मदद के लिए अग्रणी रहती है। संस्था ने हमेशा ही क्षेत्र के कई निर्धन तथा असहाय लोगों की सहायता की है। इस बार गांव रोपड़ डाकघर जंघरु कला तहसील सरकाघाट की निवासी रोमा देवी पत्नी प्रकाश चंद, जिनका इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है। रोमा देवी न्यूरोलॉजिकल समस्या से ग्रस्त है। संस्था द्वारा इनकी सहायता करने का निर्णय लिया गया है। वरिष्ठ नागरिक संस्था के चेयरमैन बिहारी लाल, प्रधान जगदेव, अनंतराम, प्रेम सिंह, रमेश श्रवण व रणजीत सिंह ने रोमा देवी के घर जाकर के उन्हें 5100 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। संस्था के मीडिया प्रभारी सरवन सिंह भारद्वाज ने बताया संस्था का उद्देश्य गरीबों की सहायता करना है।

# समताणा में 704.50 में मिलेगा सिलेंडर

## घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की दरें की निर्धारित

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

**जिला** दंडाधिकारी उपायुक्त हमीरपुर हरिकेश मीणा ने घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री दर निर्धारण की अधिसूचना जारी कर दी है। तहसील बड़सर की गैस एजेंसी वैष्णवी इंडेन ग्रामीण वितरक समताणा के लिए प्रत्येक सिलेंडर (वजन-14.2 किलो) 686.50 रुपये में तथा 18 रुपये परिवहन शुल्क कुल सहित 704.50 रुपये निर्धारित किया गया है।

इसके अतंर्गत तहसील बड़सर के समताणा, चौकरी, पनयाली, मैढ़, बरोटी पाहलू, भैल, अंबोटा, थाना, लाहड़ा, रियाला, झनियां बाग, समताणा-खुर्द, बल्ह, धंगोटा, घुमारथ, नंदल, सुद्दर, बटलाहू, जबली, खरला, खान, दबेड़ तथा सुगलाणी में घरेलू गैस सिलेंडर 704.50 रुपये में मिलेगा। इसी तरह से तहसील गलोड़ की गैस एंजेसी इंडेन ग्रामीण वितरण कश्मीर के अतंर्गत आने वाले गांव सरेड़ी थापल, गरडोह, जियाणा, करसाई, चारमणी, फाल,एलासी, देहली, डार, बाहल, कश्मीर, सडोह तथा धनोहा चौक में प्रत्येक सिलेंडर (वजन-14.2 किलो) 677 रुपये में तथा 18 रुपये परिवहन शुल्क सहित कुल 695 रुपये की दर निर्धारित की गई है। तहसील संधोल जिला मंडी की गैस एजेंसी चामुंडा इंडेन कठुआं के अतंर्गत आने वाले गांव सचूही, बजहार, खेरी, जाखू, सचूही चौक, तरपालधार, गब्बर, खेरी, लोहियां दी धार, खनौली में प्रत्येक सिलेंडर (वजन-14.2 किलो) 685 रुपये में तथा 18 रुपये परिवहन शुल्क सहित कुल 703 रुपये की दर निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा है कि गैस वितरक उपभोक्ता को गैस स्टोव इत्यादि कोई भी उपकरण खरीदने का दबाव नहीं डालेगा। साथ ही नए गैस कनेक्शन जारी करते समय और प्राथमिकता के आधार पर गैस कनेक्शन जारी करने के सही तरीके से रजिस्टर मैंटेन करेगा।

उन्होंने एलपीजी वितरकों को निर्देश दिए हैं कि वे उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य तथा कूलियेज से अधिक शुल्क नहीं लें।

उन्होंने कहा है कि वितरक को प्रत्येक माह के अंत में जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामले, हमीरपुर द्वारा एलपीजी सिलेंडरों के वितरण संबंधी मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी तरह की त्रुटी पाए जाने पर आवश्यक वस्तुएं अधिनियम, 1955 की धारा 37 के तहत दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### 17 डोगरा के पूर्व सैनिकों ने मनाया स्थापना दिवस

*हमीरपुर। हमीरपुर में 17 डोगरा के पूर्व सैनिकों ने अपना 40वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त बीआर कौशल के बटालियन का इतिहास बताया। उन्होंने बताया कि 17 डोगरा की स्थापना 1 अगस्त, 1980 को डोगरा सेक्टर फैजाबाद में हुई थी। यूनिट के प्रत्येक क्षेत्र में सराहनीय काम करते हुए कौम और रेजिमेंट के नाम रोशन किया है। इस अवसर पर कै. प्रकाश चंद, भागीरथ कौशल, कै रिखी राम, कुलदीप सिंह, राजेन्द्र मिन्हास, तिलक राज, मोहिन्द्र सिंह, दुर्गा दास, अमर सिंह, किशोरी लाल, बतन सिंह, दलजीत, दिनेश, अशोक कुमार, जगदीश, कमल, जोगिंद्र सिंह और मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।* **-हिमाचल दस्तक**

### राज राजेश्वरी कॉलेज में 'बदलता भारत' पर लेक्चर का आयोजन

**भोटा।** राज राजेश्वरी कॉलेज आफ एजुकेशन भोटा में 'बदलता भारत' पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इसमें अस्सिटेंट प्रो. विजय कुमार ने छात्रों को आज के बदलते भारत के बारे में बिस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न योजनाओं के बारे में में विस्तृत जानकारी दी। उनके द्वारा शुरू की गई योजनाएं जनधन योजना, आयुष्मान भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, साइंस और तकनीकी विकास में मंगल यान, चंद्र यान, पेंशन योजनाएं, बीमा योजनाएं, किसान योजनाएं, मातृत्व अवकाश, कौशल विकास योजना, जीएसटी आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर कॉलेज का स्टॉफ उपस्थित रहा।

### ब्रह्मदास ने लगाए 200 पौधे

*हमीरपुर। बरसात के सीजन में बलेटा के ब्रह्मदास शर्मा ने अपनी निजी भूमि पर 200 से अधिक पौधों का पौधरोपण किया है। उन्होंने अति दुलर्भ पेड़ सागवान को भी अपनी भूमि में रोपित किया है। इन पौधों का पौधारोपण पिछले 20 दिनों से लगातार किया गया। उन्होंने इससे पहले भी पिछले 5 वर्षों में लगभग 30 कनाल भूमि पर 500 से अधिक विभिन्न किस्म के इमारती लकड़ी के पौधे व हर्बल पौधों का पौधरोपण किया है। वह हर वर्ष बरसात के मौसम में विभिन्न पौधे लगाते हैं और फिर उनकी देखरेख में अपना समय गुजारते हैं। कुछ पौधों के सूख जाने पर उन्हें अगली बरसात में फिर से रोपा जाता है। इस तरह वह अलग अलग प्रयोग करके अपनी भूमि को हरा भरा बना रहे हैं।* **-हिमाचल दस्तक**

### धनोट गांव के रास्ते की हालत दयनीय

# मरीज को कंधे पर उठाकर ले जाना पड़ता है सड़क तक

हिमाचल दस्तक। नादौन

**नादौन** क्षेत्र के साथ लगते धनोट गांव को जाने वाले रास्ते की हालत दयनीय बनी हुई है। इस कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने सरकार से इस रास्ते की शीघ्र मरम्मत करवाने की मांग की है। लोगों ने बताया कि ठेहड़ा गांव से धनोट गांव की ओर जाने वाले रास्ते ने खडड का रूप धारण लिया है। यहां पर वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किलों भरा हो चुका है।

◆20 सालों से नहीं हो रहा रास्ते का सुधार

लोगों में रमेश चंद, मलकीत सिंह, राकेश कुमार, सरदार जगजीत सिंह, मनोज कुमार, विशाल राणा, राजकुमारी, सुषमा देवी, सोनू देवी, रीता देवी, सरोज कुमारी, पवन कुमार, गगन चंद्र, मथुरादास, कश्मीर सिंह, अंकुश राणा आदि का कहना है कि पिछले करीब बीस सालों से इस रास्ते का कोई सुधार नहीं हुआ है तथा बरसात के दिनों में अब उपरोक्त रास्ते की स्थिति और भी खराब हो चुकी है।

लोगों का कहना है कि अगर किसी बीमार को अस्पताल पहुंचाना हो तो कोई टैक्सी वाला उनके गांव तक आने के लिए तैयार नहीं होता तथा मजबूरन बीमार को कंधे पर उठाकर मेन सड़क तक ले जाना पड़ता है।

### मझीण स्कूल में छात्रों को दी करियर संबंधी जानकारी

**नादौन।** सीनियर सेकंडरी स्कूल मझीण में एनएसएस के स्वयंसेवियों का सात दिवसीय कैंप लगाया गया है । इस दौरान स्वयंसेवियों को करियर सहित अन्य विषयों पर काउंसिलिंग के लिए स्कूल के प्रिंसिपल मदन भारद्वाज ने सीनियर सेकंडरी स्कूल नादौन के प्रिंसिपल विजय चौधरी को बतौर रिसोर्स पर्सन आमंत्रित किया है। विजय चौधरी ने कैंप के दौरान एनएसएस के स्वयं सेवियों को प्लस टू बाद क्या करना है, इस बारे में विस्तार से बच्चों को जानकारी दी तथा उनके करियर के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा उन्होंने चरित्र निमार्ण, स्वयं सेवियों के कर्तव्य,आज के दौर में कंप्यूटर के यूज व मिस यूज बारे भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर मझीण स्कूल के प्रिंसिपल मदन भारद्वाज ने रिसोर्स पर्सन प्रिंसिपल विजय चौधरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मदन भारद्वाज ने बताया कि एनएसएस के स्वयंसेवियों ने कैंप के दौरान स्कूल परिसर, आसपास के गांवों के रास्तों की साफ सफाई भी की तथा लोगों को स्वच्छता बारे भी जागरूक किया।

INOXWIND

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

सीआईएन: L31901HP2009PLC031083

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 287, इंडस्ट्रीयल एरिया, गौंव–बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश, भारत; टेलीफोन/फैक्स: +91–1975–272001

ई–मेल: investors.iwl@inoxwind.com; वेबसाइट: www.inoxwind.com

सूचना

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 9 अगस्त 2019 को, अन्य बातों के अतिरिक्त, 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन हेतु आयोजित की जायेगी।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com, BSE www.bseindia.com एवं NSE www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते आइनॉक्स विंड लिमिटेड

हस्ता/–

(दीपक बांगा)

कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा

दिनांक : 01 अगस्त, 2019

### हेल्थ सुपरवाइज सेवानिवृत्त

**गलोड़।** स्वास्थ्य केंद्र हड़ेटा में हेल्थ सुपरवाइजर संतोष बन्याल को सेवानिवृत होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलोड़ में विदाई व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्र म में बीएमओ डॉ. सुनील गौतम मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। संतोष बन्याल ने 1985 में मंडी के बलद्वाड़ा में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवाएं दीं हैं। इसके बाद हमीरपुर के हड़ेटा व भिड़ा में लगभग 35 वर्ष तक अपनी सेवाएं दीं। 2017 में पदोन्नत होकर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के रूप में कुठेड़ा व हड़ेटा में सेवाएं दीं। उन्होंने अपने कार्यकाल में निष्ठा व ईमानदारी से अपनी सेवाएं दी। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व सीएमओ सावित्री कटवाल, बीएमओ गलोड़ सुनील गौतम, ग्राम पंचायत हड़ेटा के प्रधान संजय कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** पूर्व जनमंच चरण में ग्राम पंचायत समताना कलां में जागरूकता शिविर

# लोगों को दी विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी

◆योजनाओं के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

**बड़सर** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत धंगोटा में 11 अगस्त को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. राजीव सहजल की अध्यक्षता में आयोजित होने जा रहे जनमंच के दृष्टिगत पूर्व जनमंच चरण में विभिन्न विभागों द्वारा पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत समताना कलां में शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर के दौरान पशुपालन, उद्योग, कृषि, आयुर्वेद सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने पंचायत घर में उपस्थित लोगों को विकास योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर उन्हें आवश्यक

दस्तावेज इत्यादि बनाने के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना, मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना, हिमकेयर इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया।

सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य और अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं व कार्यों का निरीक्षण भी किया गया। इससे पूर्व सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने दियोटसिद्ध क्षेत्र के 99 गांवों के लिए उद्वाऊ पेयजल योजना का निरीक्षण किया तथा उद्वाऊ पेयजल योजना समताणा के प्रथम चरण का भी जायजा लिया। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का टीकाकरण भी किया गया और पशुपालकों को विभिन्न मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। आयुर्वेद विभाग की ओर से लोगों को योग, औषधीय जड़ी-बूटियों के उपयोग सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

उपमंडलाधिकारी (ना.) बड़सर प्रदीप कुमार ने बताया कि 2 अगस्त को ग्राम पंचायत लौहडर में प्रातः साढ़े दस बजे, 3 अगस्त को ग्राम पंचायत कठियाणा में प्रातः साढ़े दस बजे से, 5 अगस्त को ग्राम पंचायत कुलेहड़ा में प्रातः साढ़े दस बजे से, 6 अगस्त को ग्राम पंचायत सोहारी में प्रातः साढ़े दस बजे से तथा ददवीं में दोपहर बाद दो बजे, 7 अगस्त को सठवीं पंचायत में प्रातः साढ़े दस बजे से पूर्व जनमंच शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने सभी चिह्नित पंचायतों के लोगों से आग्रह किया है कि वे इन शिविरों का भरपूर लाभ उठाएं। साथ ही अपनी शिकायतें अथवा समस्याएं भी पंचायतों के माध्यम से दर्ज करवाएं ताकि उनका समयबद्ध निपटारा किया जा सके।

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड
(सिंचाई खण्ड)

निविदा आमंत्रण सूचना

केन्द्र/राज्य सरकार/बीबीएमबी पंजीकृत ठेकेदारों/सहकारी समितियों और निर्माण समितियों, उपयुक्त वर्ग के निर्माता और आपूर्तिकर्त्ता से, वर्क आर्डर के आधार पर, निम्न कार्यों को करने के लिए, निविदाओं की दरों को आमंत्रित किया जाता है।

एन.आई.टी. नं. :7/बी.आर/2019-20

कार्यालय का नाम: वरिष्ठ कार्यकारी अभियन्ता, बी.आर.एस.सी एवं पी.डी. मण्डल, बीबीएमबी, सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि.प्र.)-175019 फोन: 01907-262283

कार्य का नाम: रेनोवेशन ऑफ ऑफिस बिल्डिंग एण्ड पोलिस बैरक ऑफ हराबाग कॉम्पलैक्स

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत | रुपये 5.39 लाख (रुपये पांच लाख उनतालीस हजार केवल) |
| निविदा प्राप्त करने के अंतिम तिथि | 19-08-2019 को 12:30 दोपहर बाद तक |
| निविदा फार्म का मूल्य | रुपये 1180/- (रुपये एक हजार एक सौ अस्सी केवल) |

निविदा की अन्य शर्तें एवं विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट www.bbmb.gov.in पर उपलब्ध है

783-PR-BSL-4 उज्जवल रहे कल ऊर्जा बचाओ हरपल

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड
(सिंचाई खण्ड)

ई – निविदा आमंत्रण सूचना

केन्द्र/राज्य सरकार/बीबीएमबी पंजीकृत ठेकेदारों/सहकारी समितियों और निर्माण समितियों, उपयुक्त वर्ग के निर्माता और आपूर्तिकर्त्ता से, वर्क आर्डर के आधार पर, निम्न कार्यों को करने के लिए दरों को ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

एन.आई.टी. नं. :6/बी.आर/2019-20

कार्यालय का नाम :वरिष्ठ कार्यकारी अभियन्ता, बी.आर.एस.सी एवं पी.डी. मण्डल, बीबीएमबी, सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि.प्र.)-175019 फोन: 01907-262283

कार्य का नाम: कनास्ट्रक्शन ऑफ रैनडम रब्बल स्कोन वेसनरी रिटेनिंग वॉल फॉर प्रोटैक्शन ऑफ हराबाग ऐडिट इन राईट साईट

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत | रुपये 5.39 लाख (रुपये पांच लाख उनतालीस हजार केवल) |
| निविदा प्राप्त करने के अंतिम तिथि | 19-08-2019 को 12:30 दोपहर बाद तक |
| निविदा फार्म का मूल्य | रुपये 1180/- (रुपये एक हजार एक सौ अस्सी केवल) |

निविदा की अन्य शर्तें एवं विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट www.bbmb.gov.in and www.bbmbeproc.abcprocure.com पर उपलब्ध है

784-PR-BSL-4 उज्जवल रहे कल ऊर्जा बचाओ हरपल